तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

2
पौधे तैयार करने वन विभाग करेगा उपजाऊ मिट्टी की खरीदी



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

नहर से तालाबों को भरने नहीं किसी का ध्यान, विभाग मौन तो जनप्रतिनिधि बेपरवाह

# बढ़ती गर्मी के साथ सूखने लगे नदी और तालाब आने वाले दिनों में निस्तारी के लिए होगी जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बढ़ती गर्मी के साथ नदी और तालाब सूखने लगे है। ग्रामीण क्षेत्र के छोटे तालाबों में तो अब पानी ही नजर नहीं आ रहा। वहीं बड़े तालाबों में भी पानी कम होने से निस्तारी की समस्या शुरू हो गई है। नदियों में भी जल स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में निस्तारी को लेकर लोगों को जद्दोजहद करनी पड़ सकती है।

बैसाख में गर्मी अपने शबाब पर है। पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। भीषण गर्मी के साथ ही जल स्त्रोत भी सूखने लगे है। नदियों का जल स्तर तेजी से घट रहा है। वहीं तालाब भी सूखने लगे है। ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने के लिए नहर में जनवरी माह से ही पानी छोड दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी निस्तारी एवं अन्य कार्यो के लिए तालाबो के भरने को लेकर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। जिले में 334 ग्राम पंचायते है। इन ग्राम पंचायतो में ग्रीष्म कालिन धान की फसल लगाने के लिए जहां दायी तट पर 1 जनवरी एवं बायी तट पर 5 जनवरी से पानी छोडा गया है। ताकि किसान धान की फसल लगाने के साथ पानी का सदुपयोग करके उसे तालाबो को भर सके। नहर से पानी को छोडे हुए करीब 3 माह से भी अधिक समय हो चुका है। नहर की धार 30 अप्रैल को थम जाएगी। इन सबके बावजूद तालाबो को भरने के लिए संबंधित ग्राम पंचायतो के जिम्मेदार प्रतिनिधी ध्यान तक नही दे रहे है। जिले में मई एवं जून महीने के दौरान भीषण गर्मी पडती है। वही पानी का लेबल भी काफी नीचे तक चला जाता है। इन सबके बावजूद जिम्मेदार अफसर एवं ग्राम पंचायतो के प्रतिनिधि तालाबों में पानी पहुंचाने को लेकर ध्यान तक नही दे रहे है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत खोक्सा और जोबी गांव के तालाबो में देखने को मिली जहां तालाबो का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। वही तालाबो तक पानी पहुंचाने ध्यान तक नही दिया जा रहा है। इसी प्रकार बम्हनीडीह क्षेत्र के किकिरदा में भी तालाब सूख चुके है। तालाबों में निस्तारी के लिए पानी नहीं है। शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुष्मा, कुरियारी, कटौद, मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम भडोरा, मिरौनी, बडे सीपत, छोटे सीपत, बम्हनीडीह क्षेत्र के ग्राम मुडपार, झर्रा सहित अन्य गांवो के तालाबो में देखने को मिल रहा है। यदि समय रहते तालाबो को भरने ध्यान नही दिया गया तो मई एवं जून महीने के दौरान लोगो को निस्तारी की समस्या से जुझना पड़ सकता है।



बसंतपुर के आगे महानदी की सूखी धार



गर्मी से सूखा किकिरदा का रामसागर तालाब।

## विधायक ने 10 मई तक नहर में पानी छोड़ने रखी मांग

जिले में रबी फसल की सिंचाई के साथ ही निस्तारी तालाबों को भरने के प्रयोजन से जनवरी माह से हसदेव बांगो नहर से पानी छोड़ा गया है। नहर में पानी देने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। इधर अभी तक अधिकांश तालाबों को नहीं भरा जा सका है। स्थिति को देखते हुए जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कलेक्टर को पत्र लिखकर हसदेव बांगो मुख्य नहर में 10 मई तक जल प्रवाह जारी रखने की मांग रखी है। इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर त्वरित पहल करने की बात कही है। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में किसानों द्वारा रबी फसल लिया गया है जिसकी सिंचाई के साथ ही क्षेत्र के भूमिजल स्रोत को बनाये रखने के लिए नहर में जल प्रवाह जारी रखना आवश्यक है। चूंकि जांजगीर नगर में भूमिगत जलस्रोत लगातार कम होता जा रहा है परन्तु वर्तमान में मुख्य नहर में जल प्रवाह जारी होने के कारण नगरवासियों को पेयजल की समस्या फिलहाल नही हो रही है। यदि 10 मई तक नहर में जल प्रवाह जारी रहता है तो इस बीच क्षेत्र के छोटे-बड़े तालाबों को भी नहर के पानी से भरा जा सकता है जिससे पेयजल एवं अन्य निस्तारी की समस्या नही होगी। उन्होने आगे कहा कि क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान किसानों ने मांग रखी है। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए 10 मई तक मुख्य शाखा नहर में जल प्रवाह जारी रखने की मांग कलेक्टर से की गई है।

# रेत भरे ट्रैक्टरों से हो रही बिना रायल्टी पर्ची के अवैध वसूली

## शासन को लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

रेत भरे ट्रैक्टरों से बिना रायल्टी पर्ची के ही अवैध वसूली की जा रही है। खुरघट्टी रेत घाट से रोजाना डेढ़ सौ ट्रेक्टर रेत निकाले जा रहे है। जिससे शासन को लाखों रुपए का नुकसान पहुंच रहा है। इसे लेकर जिम्मेदार खनिज विभाग के अफसर कार्रवाई नहीं कर रहे है।

गौरतलब है कि तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरघट्टी के बोराई नदी पर शासन के द्वारा रेत घाट आबंटित किया गया है। अभी हाल ही में शासन के द्वारा घाट का ठेका दिया गया है। नियम के अनुसार ठेकेदार के द्वारा रॉयल्टी की राशि के बदले रॉयल्टी पर्ची दिया जाना होता है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा रेत भरे ट्रेक्टरों से बिना रॉयल्टी पर्ची के अवैध वसूली की जा रही है। चुकि रॉयल्टी पर्ची की राशि का कुछ हिस्सा शासन के पास जमा होता है जिससे शासन को राजस्व लाभ होता है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा बिना रॉयल्टी पर्ची के अवैध वसूली किया जा रहा है। खुरघट्टी के रेत घाट से प्रतिदिन लगभग डेढ़ सौ ट्रेक्टरों से रेत निकल रहा है। उस हिसाब से शासन को लाखों रुपए की राजस्व की क्षति हो रही है। मामले में खनिज विभाग की भी भूमिका संदेहास्पद है। ठेकेदार बिना रायल्टी पर्ची के वसूली कर शासन को नुकसान पहुंचा रहा है। दूसरी ओर जिम्मेदार विभाग को जांच और कार्रवाई की फुर्सत नहीं है।

### करेंगे कार्रवाई

शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

-बालेश्वर राम,
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
डभरा



इस तरह बिना रायल्टी के हो रहा अवैध परिवहन।

## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 24 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 24 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक शिव शक्ति एग्रीटेक लिमिटेड बिलासपुर द्वारा सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के 50 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वी 12वी उत्तीर्ण रखा गया है एवं कंपनी द्वारा वेतनमान 9500 से 30 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता सत्र

**जांजगीर-चांपा।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भारतीय तीन नए कानूनों की जानकारी पर आई.टी.आई. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुलीपोटा में जागरूकता सत्र एवं पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल बताया कि जिसके अंतर्गत सखी वन सटॉप सेंटर की कार्य प्रणाली एवं पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं, सहायताओं, महिला हेल्पलाईन 181, 112 की जानकारी दी गई। इसी प्रकार घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं के साथ होने वाली लैंगिक प्रकृति की हिंसा होने पर कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 एवं कानूनी कार्यवाहियों, बाल विवाह की कुरिति और उसके दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई।

### अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिवरीनारायण पुलिस ने फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार राहुल मोहम्मद इरफान पिता मोहम्मद आरजू उम्र 24 वर्ष) निवासी सिंगोरी, थाना सिंगोरी, जिला पटना (बिहार) ने अपने मोबाइल से फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील वीडियो पोस्ट कर व्यापक रूप से प्रसारित किया था। साइबर सेल एवं थाना शिवरीनारायण पुलिस ने संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67(बी), आईपीसी की धारा 201 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 14(1) के तहत मामला दर्ज कर 22 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में शिवरीनारायण पुलिस का योगदान रहा।

# शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा प्रशासन ने चलाया बुलडोजर



अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करता अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

शिवरीनारायण से लगे ग्राम पंचायत तुस्मा में शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। इधर कार्रवाई से बेजाकब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, पटवारी एवं राजस्व विभाग का अमला मुस्तैद रहा।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत तुस्मा के तहसील कार्यालय के आस पास लाखों का शासकीय भूमि में कब्जा हो रहा था। शिवरीनारायण के ही कुछ लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा था। जिसे अपने संज्ञान में लेते हुऐ नायब तहसीलदार संजय बरेठ एवं ग्राम पंचायत तुस्मा में पदस्थ पटवारी प्रमोद कश्यप और ग्राम कोटवार शिव चौहान, नगर सैनिक हरि पटेल द्वारा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से बेजा कब्जा को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इसके पहले भी तहसील के आस पास हुए बेजा कब्जा को हटाने के लिए प्रशासन द्वारा बहुत बार कोशिश किया जा चुका है। इसके बाद भी ग्राम पंचायत तुस्मा में बेजाकब्जा धारियों कब्जा और निर्माण कार्य रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। हालांकि इस कार्रवाई से बेजाकब्जाधारियों में भय का माहौल जरूर है।

### कवरेज कर रहे पत्रकार से लूट मारपीट, अपराध पंजीबद्ध

**अकलतरा।** नगर के शास्त्री चौक में दो पक्षों में विवाद के दौरान जाम के दृश्य का फोटो खींच रहे मीडिया कर्मी को चार युवकों के द्वारा मारपीट कर उसकी सोने की चेन एवं 1500 रुपए नगद लूटने की घटना के बाद पुलिस के द्वारा मारपीट करने वाले युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि 20 अप्रैल को शास्त्री चौक में लगभग 11.30 बजे दो बाइक सवार आपस में टकरा गये जिससे दोनों पक्षों में विवाद होने लगा एवं विवाद के चलते शास्त्री चौक में ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मामले में मोनू भुवने, सोनू भुवने, लाला सोलडे, एवं जियांशु सर्वेश के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से गई युवक की जान

**तुस्मा।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा शबरी डेरा मोहल्ला वार्ड नंबर 19 में करेंट की चपेट में आने से युवक पूर्णेन्द्र पटेल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूर्णेन्द्र पटेल पिता संतराम पटेल घर से ही लगे बाड़ी के टुल्लू पंप को चलाने गया हुआ था जो काफी समय तक बाड़ी से घर की ओर वापस नहीं लौटा। पूर्णेन्द्र का बड़ा भाई राकेश पटेल जब घर वापस पहुंचा तो देखा कि घर में पीने के लिए पानी नहीं है। राकेश बाड़ी तरफ टुल्लू पंप को चलाने गया तो देखा कि उसका भाई पूर्णेन्द्र कुआं के पास पड़ा था। पुणेद्र की मौत हो चुकी थी। उसने अपने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। तत्पश्चात परिवार वालों ने ग्राम वासियों की सहयोग से इसकी सूचना थाना पहुंचकर दी। पुलिस मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बोलेरो में 7 किलो गांजा तस्करी करते तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बोलेरो वाहन में अवैध रूप से गांजा तस्करी करते हुए तस्कर पामगढ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। तस्करों के कब्जे से 7 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है।

जिले में अवैध शराब और गांजा बिक्री अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पामगढ़ पुलिस एवं सायबर टीम ने गांजा तस्करी करते बोलेरो वाहन को मुखबीर की सूचना पर पकड़ा है। टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि 2 लोग सफेद रंग की बोलेरो वाहन के पीछे मे बोरी मे गांजा रख कर शिवरीनारायण से राहौद होते हुए पामगढ की ओर बेचने के लिये आने वाले है। सूचना पर टीम ने रेड कार्यवाही कर बोलेरो वाहन को पकड़ा। पुछताछ करने पर चालक के द्वारा अपना नाम विनोद कुमार साहू बताया गया। बगल में एक नाबालिग बालक बैठा था। तलाशी लेने पर बोलेरो वाहन के पिछे बोरी में रखा 7 किलो 450 ग्राम गांजा मिला। गांजा की किमत 74 हजार 500 रुपए बताई जा रही है। गांजा और परिवहन में उपयोग किए बोलेरो वाहन को बरामद कर आरोपी बडे साजापाली थाना बसना जिला महासमुद निवासी 19 वर्षीय विनोद कुमार साहू को गिरफ्तार कर 22 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण में शामिल विधी के विरूद्ध संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही मे साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, थाना प्रभारी पामगढ़ मनोहर सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक संतोष बंजारे, रामदुलार साहू, सरोज पाटले, विवेक सिंह, गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, शाहबाज अहमद, श्याम सरोज ओग्रे, टिकेश्वर राठौर, सूरज पाटले, दीपक कश्यप, प्रहलाद बनर्जी, अनुज खरे व पामगढ़ थाना स्टाफ का योगदान रहा।




जब्त गांजा व बोलेरो के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# अधूरे पीएम आवास को लेकर रोजगार सहायक पति से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अधूरे पीएम आवास निर्माण को लेकर रोजगार सहायक पति से मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हरदी निवासी तेरस श्रीवास पिता चुलबुल श्रीवास को 2018-19 में आवास स्वीकृत हुआ था, जिसका निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। इस बात को लेकर रोजगार सहायक के पति दशरथ श्रीवास के साथ मारपीट कर उनसे जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही साथ प्रार्थी रोजगार सहायक द्वारा आवास प्लस 2.0 सर्वे कार्य में आईडी चेंज करने की मांग की गई है। इस बात की रिपोर्ट रोजगार सहायक श्रीमती रितु श्रीवास द्वारा नवागढ़ थाने में दर्ज कराई गई है, जिसके तहत आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) , 351 (3) के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## औद्योगिक सुरक्षा उप संचालक व पुलिस की टीम दे रही जानकारी

# हादसों से बचाव के लिए कारखानों में श्रमिकों को बताए जा रहे सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कारखानो मे काम करते समय श्रमिक अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरते ताकि हादसे रोका जा सके। इसे लेकर उपसंचालक औघौगिक सुरक्षा एवं पुलिस अधिकारियो की टीम के द्वारा कर्मचारियो को जानकारी प्रदान की जा रही है। वही उनको आत्मरक्षा करने के उपाय भी बताए जा रहे है।

गौरतलब है कि जांजगीर एवं सक्ती जिले को मिलाकर करीब 100 से अधिक छोटे बडे उद्योगों का संचालन किया जा रहा है। इनमे प्रकाश इंडस्ट्रीज , वर्धा पावर प्लांट, न्युवाको, डी पावर प्लांट, अथेना, सहित कई छोटे बडे उद्योगों का संचालन किया जा रहा है। कारखानो में काम करते वक्त श्रमिक अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर रहे। कार्यस्थल के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त ब्यवस्था होनी चाहिए। इसे लेकर कर्मचारियो को उपसंचालक औघौगिक सुरक्षा एवं पुलिस टीम के द्वारा जानकारियां प्रदान की जा रही है। खासकर गर्मी के दिनो में कार्य स्थल पर श्रमिक बारी बारी से कार्य करे। कार्यस्थल के पास पर्याप्त मात्रा में पानी एवं ओआरएस घोल की समुचित ब्यवस्था होनी चाहिए। इसे लेकर मडवा पावर प्लांट, डी बी पावर, प्रकाश इंडस्ट्रीज, अथेना, न्यूवोको में औघौगिक सुरक्षा विभाग के उपसंचालक , पुलिस प्रशासन एंव उदयोग प्रबंधको के द्वारा जानकारी प्रदान की जा रही है। वही इसे लेकर उपसंचालक के द्वारा श्रमिको को कार्यस्थल पर समुचित सुरक्षा ब्यवस्था, किसी तरह की परेशानी आने पर कारखानो के साइड इंचार्ज को जानकारी देना, कार्यस्थल पर हेलमेट, सेप्टी बेल्ट सहित अन्य आवश्यक संसाधनो के बारे मे जानकारी बताई गई। श्रमिको को काम करने के दौरान किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए। इसके बारे में भी जानकारी प्रदान की गई, ताकि किसी भी तरह के हादसो को रोका जा सके। विभाग के अधिकारियो के द्वारा कारखानो का निरीक्षण करके प्रबंधको से जानकारी भी ली जाति है। हाल ही समय में मडवा, प्रकाश, अथेना, डी बी सहित अन्य कारखानो के प्रबंधको की बैठक लेकर सुरक्षा ब्यवस्था बेहतर बनाने आदेशित किया गया।



श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते पुलिस जवान।

### दिए है निर्देश

कारखानो मे काम करते वक्त श्रमिक अपनी सुरक्षा को लेकर ध्यान दे। इसे लेकर उन्हे जानकारी प्रदान की गई है। वही उदयोग प्रबंधको की बैठक लेकर प्लांट मे सुरक्षा ब्यवस्था बनाने को लेकर आदेशित किया गया।

-राहुल पटेल,
उपसंचालक, औघौगिक सुरक्षा

# हरेठीकला में बेखौफ चल रहा जुआ जिम्मेदार पुलिस का अमला मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्दा

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम हरेठी कला के बीच खार में टावर के पास जुआ का बड़ा दांव चल रहा है। इधर जिम्मेदार पुलिस प्रशासन मौन धारण करते हुए जानबूझकर अनजान बने बैठे हैं । जिसकी शिकायत करने के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नवीन जिला सक्ती के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम हरेठी कला में पिछले 6 महीने से लगातार बीच खार में बिजली टावर के पास जुआ का बड़ा दांव दिनरात चल रहा है। इधर जिम्मेदार पुलिस प्रशासन मौन धारण करते हुए जानबूझकर अनजान बने बैठे हैं। जिसकी शिकायत करने के बाद भी पुलिस करवाई नहीं कर रही है। जुआरियों का फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में आजकल जमकर वायरल भी हो रहा है। सक्ती जिला के अलावा जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, बलौदा बाजार, सारंगढ़, रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर आदि दर्जन भर जिलों से लगभग एक सैकड़ा जुआरियों का जमावड़ा फड़ पर लगता है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस थाना में की है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो जुआ में दांव लगाते जुआरियों का फोटो आजकल सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। यह बात लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर सोशल मीडिया में जुआ फड़ का फोटो और वीडियो वायरल होने के बाद भी कार्रवाई नही होने से पुलिस सवालों के घेरे में है।

## खबर संक्षेप



### जिला पुलिस की अवैध पार्किंग पर सतत कार्रवाई

**कोरबा।** शहर में नो पार्किंग स्थलों पर अवैध रूप से वाहनों के खड़े किए जाने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों पर यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दो दिनों के दौरान यातायात पुलिस द्वारा टीपी नगर, राताखार, सीएसईबी चौक,ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान नो पार्किंग में खड़े कुल 72 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 21 हजार 6 सौ समन शुल्क वसूल किया गया है। नगर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए कोरबा पुलिस सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करती है। अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें एवं नो पार्किंग जैसे प्रतिबंधित क्षेत्रों में वाहन खड़ा करने से परहेज़ करें।

### नहर का तटबंध टूटा कॉलोनियों में घुस रहा पानी

**कोरबा।** हसदेव बाई तट नहर जो कोरबा शहर के मध्य से होकर गुजरती है के तटबंध को तोड़कर पानी कॉलोनी में घुसने लगा है। साई कृष्ण पैलेस और एसएस ग्रीन कॉलोनी के पीछे नहर से निकला पानी लोगों को डराने लगा है। इसकी सूचना जल संसाधन विभाग को दी गई ।विभाग के दो कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे हिस्से का अवलोकन कर इसकी जानकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता। यही कारण है की 2 वर्ष पूर्व सीतामणी के समीप इसी नहर का तट बंध टूटा था और कुछ बस्तियां जलमग्न हो गई थी उस समय भी विभाग के अधिकारियों ने लीपा पोती कर ली थी। अबएस एस ग्रीन के पीछे नहर के तटबंध का टूटना जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की अकर्मण्यता का ताजा नमूना है।

### जिला क्रिकेट एसो. ने की सीनियर वर्ग और अंडर 16 की टीम घोषित

**कोरबा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सीनियर वर्ग और अंडर 16 की जिला की टीम घोषित की है। खिलाड़ियों का चयन वरिष्ठ खिलाड़ियों, कोच और संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। सीनियर वर्ग टीम में कप्तान मो. वासीम, सत्यम दुबे, स्वप्निल प्रकाश, प्रतीक भारती, आशीष सिंह चौहान, डी आयुष क्रिस्टोफर, दुर्गेश साहू, जितेंद्र साहू, अनुज, सुमित अग्रवाल, अभिसार श्रीवास्तव, भावुक, संदीप डहरिया, अमन त्रिपाठी, पुष्पराज सिदार, अभिषेक कुमार शामिल हैं। टीम के साथ कोच युवराज सिंह और मैनेजर अजय राय बनाए गए हैं। सभी चयनित खिलाड़ी राजनांदगांव स्टेडियम में धमतरी, राजनांदगांव और रायगढ़ की टीम से टी-20 मैच खेलेंगे। इसी तरह बिलासपुर में आयोजित अंडर 16 प्लेट ग्रुप के लिए जिले से कप्तान मनन देवांगन, लोकेश यादव, भावेश दुबे, अर्जुन यादव, कृषिक बंसल, हर्षित अग्रवाल, हितेन प्रताप, श्रीदीप राय, रितेश सारथी, रितेश कुमार, हितेश कुमार, अंकित कुमार, आदित्य त्रिपाठी, अभय पांडे, हर्षित श्रीवास्तव, श्रेयांश त्रिपाठी, कृष्णा अग्रवाल को शामिल किया गया है। इस टीम के कोच विशाल दुबे और मैनेजर की जिम्मेदारी अनिल प्रजापति को दी गई है। चयनित सभी खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष व कार्यकारी सचिव ने बेहतर खेल के लिए प्रोत्साहित किया है।

### पंछी और पर्यावरण को बचाने चलाया जा रहा अभियान



**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई द्वारा गर्मी के इन भीषण दिनों में पक्षियों के लिए जल प्रबंध हेतु सकोरा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मिट्टी के बर्तन में रस्सी से पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में पेड़ों पर उन्हें लगा कर उनमें पक्षियों के लिए पानी व चावल के दाने रखा गया। जिला संयोजक आयुष शर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल के अभाव से पक्षियों को अत्यधिक कठिनाई होती है, ऐसे में इस प्रकार की छोटी-छोटी पहलें भी जीवनदायिनी सिद्ध होती हैं। नगर मंत्री निहाल सोनी ने बताया कि इकाई की यह पहल न केवल पर्यावरण और पक्षियों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को भी प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश देती है।

## इस साल 81 हजार 312 मिश्रित प्रजाति के पौधे तैयार होंगे नर्सरी में

# पौधे तैयार करने वन विभाग करेगा उपजाऊ मिट्टी की खरीदी



### 20 हजार घनमीटर की पड़ेगी आवश्यकता

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जंगल में मिश्रित प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाना है। इसके लिए नर्सरी में उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है ताकि पौधे बहुत ही जल्दी से जल्दी तैयार हो सके। इस वर्ष वन विभाग को 81 हजार 312 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य दिया गया है। इन पौधों को तैयार करने के लिए मिट्टी की खरीदी की जानी है इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टेंडर की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ठेकेदार द्वारा नर्सरी में 20 हजार घनमीटर उपजाऊ मिट्टी दिया जाएगा इसके बाद पौधों को तैयार किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नर्सरी में पौधे तैयार करने के लिए वन विभाग द्वारा उपजाऊ मिट्टी की खरीदी की जाएगी ताकि पौधे जल्दी से जल्दी तैयार हो सके ताकि आने वाली वर्षा ऋतु में तैयार किए गए पौधों को जंगल की खाली पड़ी जमीन पर रोपण किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल द्वारा इस साल नर्सरी में पौधे तैयार करने के लिए उपजाऊ मिट्टी की खरीदी करने जा रहा है। इसके लिए वन विभाग ने बकायदा टेंडर की प्रक्रिया की है। बताया जाता है कि वन विभाग को नर्सरी में 81 हजार 312 विकसित प्रजाति के साल, सागौन, नीम, जामुन सहित अनेकों प्रजाति के पौधों को तैयार किया जाना है इसके लिए उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है। वन विभाग ने लगभग इतने पौधों को तैयार करने के लिए 20 हजार घनमीटर उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता है। जिसके लिए वन विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया की है ताकि आने वाले दिनों में जल्दी से जल्दी मिट्टी की खरीदी कर कोसाबाड़ी स्थित नर्सरी में पौधों को तैयार किया जा सके और पौधे तैयार होने के बाद 15 जून के बाद बारिश की पहली दस्तक के साथ पौधों को वन विभाग की खाली पड़े जमीनों में चिन्हित स्थलों पर पौधों का रोपण किया जा सके। वन विभाग द्वारा 20 हजार घनमीटर मिट्टी खरीदी करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में मिट्टी खरीदी करने के बाद इसे पौधों को तैयार करने की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

## कटघोरा बस स्टैंड में पानी की किल्लत, यात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



बस स्टैंड की टूटी हुई नल की टोंटी।



स्टैंड में बैठे यात्री।

### खास बात

- जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

नगर का मुख्य बस स्टैंड इन दिनों गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिनमें सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की है। अप्रैल की तपती गर्मी में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं यात्रियों को शुद्ध पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बस स्टैंड में शुद्ध जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर की समाज सेवी संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा लगाई गई थी जिसे असामाजिक तत्वों के द्वारा उसके कनेक्शन व नलो को तोड़कर 2 टंकियों में से 1 टंकी की चोरी कर ली गई है।

बस स्टैंड पर स्थित शारदा होटल ही इस समय यात्रियों के लिए एकमात्र विकल्प बना हुआ है, जहां पीने का पानी उपलब्ध है। दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को इसी होटल में अपनी प्यास बुझानी पड़ती है। कई यात्रियों ने बताया कि गर्मी के कारण बस स्टैंड में कुछ समय रुकना भी मुश्किल हो रहा है, और पानी के लिए एकमात्र स्रोत पर निर्भर रहना काफी कष्टदायक है। कटघोरा बस स्टैंड से न केवल अंबिकापुर बल्कि झारखंड और उत्तरप्रदेश जैसे अन्य राज्यों के लिए भी बसें संचालित होती हैं। इस वजह से यहां यात्रियों की आवाजाही पूरे दिन बनी रहती है। बावजूद इसके बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर नगर पालिका और प्रशासन तक, सभी इस समस्या पर मौन साधे हुए हैं। न तो वॉटर मशीन की मरम्मत कराई गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। यात्रियों और स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि सार्वजनिक स्थल पर इतनी बुनियादी सुविधा का अभाव क्यों है।

## एलर्ट मोड पर करें मांग व शिकायतों से जुड़े आवेदनों का निराकरण : आशुतोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के तहत विभिन्न शिकायतों व मांग से संबंधित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही एलर्ट मोड पर करें तथा समाधान शिविरों के आयोजन से पूर्व शत प्रतिशत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। शिकायतों से संबंधित प्रकरणों पर निराकरण की त्वरित कार्यवाही करें व मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यप्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी कराया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त बातें आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कही। राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा 8 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार शिविरों का आयोजन सभी 7 जोन कार्यालयो में किया गया था तथा विभिन्न मांग व शिकायतों से संबंधित आवेदन पत्र नागरिकों से प्राप्त किए गए थे, इन प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों पर की जा रही निराकरण की कार्यवाही की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन में विषयवार प्राप्त आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा की तथा निराकरण की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी लेते हुए पेंशन, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, शौचालय निर्माण, सड़क, नाली मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा सहित निगम के अन्य कार्यो व सेवाओं से संबंधित मांग व शिकायतों के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर एलर्ट मोड पर कार्यवाही करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी।

## 8 आरोपियों से 130 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता से जिले में पुलिस को अवैध शराब की बिक्री संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले भर अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 8 आरोपियों के कब्जे से कुल 130 लीटर अवैध शराब जप्त किया है। पकड़े गए आरोपियों में थाना- बालको से गोविंद भट्ट के कब्जे से 7.9 लीटर देसी मदिरा, सावन दास उर्फ पाण्डो के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, राजकुमार यादव उर्फ गुड्डा के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। इसी तरह उरगा पुलिस शंकर लकड़ा के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है। हरदीबाजार पुलिस ने बल्लू कुर्रे के कब्जे से 45 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया। वहीं दर्री पुलिस ने सतीश कुमार के कब्जे से 48 पाव देसी मदिरा प्लेन शराब एवं बांकीमोंगरा पुलिस ने लगती बाई बिजवाड़ के कब्जे से 2.75 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा कुसमुण्डा पुलिस ने दिलीप कुमार के कब्जे से 2.5 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### बाइक की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आमहवा निवासी देवप्रसाद आयाम 30 वर्ष पिता गुलाब सिंह पोर्ते ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ग्राम जटगा में देवप्रसाद अपने मामा के बेटे सिरिशपाल मरकाम की शादी में शामिल होने के लिए अपने घर से ग्राम जटगा आया था। शाम 4 बजे देवप्रसाद तथा प्रताप सिंह पोया के साथ रामेश्वर पोर्ते के मुर्गी दुकान मुर्गी लेने के लिए मोटर सायकल एसएफ डिलक्स कमांक सीजी 12 बी क्यू 3258 गया था तथा उसके दुकान के पास बाइक को खड़ी किया था तथा चाबी को गाड़ी में छोड़ दिया था तथा जब देवप्रसाद मुर्गी लेने में व्यस्त था तभी एक अज्ञात व्यक्ति देवप्रसाद के मोटर सायकल को चोरी कर फरार हो गया।

### शासकीय हाई स्कूल गेवरा का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोरबा।** कुसमुंडा के शासकीय हाई स्कूल गेवरा में कक्षा 9वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम भारतीय जनता पार्टी बांकीमोंगरा मंडल के प्रमुख लोगों के तत्वाधान में प्राचार्य गोपाल सिंह कंवर के द्वारा घोषित किया गया। कक्षा 9वीं में 61 विद्यार्थी दर्ज थे जिसमें 64 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस दौरान श्रीमती एल सोनी, श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, राजरानी अग्रवाल, राजकुमारी महंत, कंचन, विकेश झा, सुनीता पाटले, सुखदीप सिंह, रामेश्वर सोनी, कमलेश प्रधान, गुरदीप सिंह, अभिलाष यादव, अभिषेक पटेल, कन्हैया यादव, नागेंद्रर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

**ईश्तहार / उद्घोष्णा**

रा.प्र.क्र.........................अ-2/2024-25
ग्राम...... चांपा.... प.ह.न........07.... तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम........चांपा प.ह.नं.......07..... तहसील-चांपा जिला-जाजगीर चांपा छ.ग.की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक आशीष कुमार धामेचा पिता मोहन लाल धामेचा, श्रीमती ज्योति धामेचा पति मोहनलाल धामेचा निवासी ग्राम चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनाक 24/04/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूचीः
खसरा नं. 1864/35 रकबा 0.010 हेक्टेयर भूमि. लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 07/04/2025 को जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ........................ अ-2/2024-25
ग्राम चांपा... प.ह.नं...07.... तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम......चांपा प.ह.न......07.... तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक प्रकाश लालवानी पिता दीपक लालवानी निवासी ग्राम चांपा तहसील-चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 30.04. 2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची**
खसरा नं. 1826/11 रकबा 0.007 हेक्टेयर भूमि लगान... पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 16/04/2025 को जारी किया गया ।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा**

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
पु.प्र.क्र. 202405063700027/0636/RXM/31-12/2023-24
ग्राम बुडगहन तहसील बलौदा

**पक्षकारः**-भुजबल यादव पिता बुढ़हवा जाति यादव निवासी ग्राम बुड़गहन (पनोरापारा) तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

फागूराम वगैरह

प्रति, 1. फागूराम पिता गनेशराम जाति सतनामी निवासी ग्राम बुड़गहन (पनोरापारा) तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
2. बुधवाराबाई पिता दादूराम जाति सारथी निवासी ग्राम बुड़गहन (पनोरापारा) तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
3. मीनाबाई पति समारू जाति सतनामी निवासी ग्राम बुड़गहन (पनोरापारा) तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता भुजबल यादव पिता बुढ़हवा जाति यादव निवासी बुड़गहन (पनोरापारा) ने न्यायालय तहसीलदार बलौदा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202405063700027/अ-6/2023-2024 में पारित आदेश दिनांक 20/05/2024 के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 08/05/2025 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिए सयम किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबधित सभी सारवानो प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए नियत दिनांक 08/05/2025 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज दिनांक 17/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**अतिरिक्त कलेक्टर**
**जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

जांजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC फिज़ियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
डॉ. श्रीमती ममता साहू
डॉ. योगेश साहू (P.T.)
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडेंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
Dental & Cosmetic Treatments

22 -april- Jash-Coriya-Raig-janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/22/2025 8:13 PM Page 1





# एसएस राजामौली हैं भारत के सबसे महंगे डायरेक्टर

**मुंबई।** अब तक आपने बड़े बड़े सुपरस्टार्स की फीस के बारे में तो ढेरों किस्से पढ़े होंगे। चलिए आज आपको भारत के सबसे महंगे फिल्ममेकर से मिलवाते हैं। जिनकी फीस के आगे बड़े बड़े धुरंधरों की फीस भी चिल्लर है। इंडियन सिनेमा में एक डायरेक्टर ऐसे हैं जिन्होंने अब तक जितनी फिल्में बनाई हैं वो सुपरहिट रही हैं। देश ही नहीं, दुनिया में भी इनका डंका बजा है। चलिए इनसे मिलवाते हैं। ये कोई और नहीं, बल्कि एसएस राजामौली हैं, जिन्हें भारत का सबसे हाईएस्ट-पेड फिल्म डायरेक्टर कहा जा सकता है। मूल रूप से वह तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री से आते हैं, मगर उनकी फिल्में पैन इंडिया ही होती है।

लाइफ Style



# श्रुति

## शुरू की फिल्म 'कुली' के लिए डबिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म अपकमिंग फिल्म 'कुली'अगस्त में थिएटर्स में दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म पर काम चल रहा है। इसमें कमल हासन की बेटी श्रुति हासन भी नजर आएंगी. अब एक्ट्रेस ने 'कुली' की शूटिंग पूरी करने के बाद डबिंग में जुट चुकी हैं।

हासन इसकी झलक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दिखाई है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्रुति हासन ने अपनी एक फोटो पोस्ट की है, जिसमें वह हेडफोन लगाए हुए स्टूडियो में नजर आ रही हैं। श्रुति हासन ने कैप्शन में लिखा, 'डबिंग टाइम'. लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी इस एक्शन ड्रामा फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। हाल ही में कन्नड़ एक्टर उपेंद्र ने पहली बार पुष्टि की कि 'कुली'में उनका रजनीकांत के साथ कॉम्बिनेशन सीन हैं। लोकेश कनगराज की एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट का मेकर्स ने हाल ही में ऐलान किया।

सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म इस साल 14 अगस्त को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक्स के जरिए यह घोषणा की गई। आमिर खान भी रंजनीकांत की इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे. हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। फिल्म में रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी अहम किरदारों में दिखेंगे। इसके साथ ही हाल ही में पूजा हेगड़े की भी फिल्म कुली में एंट्री हुई है।

हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन बीबर को जरूरत है मदद की!

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर अक्सर ही खबरों में बने रहते हैं। इस सिंगर से कई कंट्रोवर्सी पहले भी जुड़ चुकी हैं। हाल ही में सिंगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह बेसुध से नजर आए। जस्टिन की हरकतें देखकर उनके फैंस को टेंशन होने लगी है। वायरल वीडियो को देखने के बाद फैंस ने कहा है कि जस्टिन को मदद की जरूरत है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें जस्टिन एक म्यूजिक इवेंट कोचेला में डांस करते दिखे।



# क्रिस्टन स्टीवर्ट ने गर्लफ्रेंड से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि लॉस एंजिल्स में करीबी लोगों के बीच क्रिस्टन ने अपनी गर्लफ्रेंड से शादी की है। रविवार यानी 20 अप्रैल को यह शादी हुई। क्रिस्टन स्टीवर्ट और डायलन मेयर साल 2019 में रिलेशनशिप में आए, दोनों ने लगभग सात साल तक डेट किया। साल 2021 में दोनों ने अपने करीबी लोगों के बीच ही सगाई भी की थी। इसके बाद अकसर ही इन दोनों को पब्लिक इवेंट्स पर साथ देखा गया। क्रिस्टन के फैंस जानना चाहते थे कि वह शादी कब करेंगी? टीएमजेड की एक रिपोर्ट के अनुसार स्टीवर्ट और उनकी गर्लफ्रेंड ने कोर्ट हाउस से शादी का लाइसेंस हासिल करने के बाद दोस्तों और परिवार के बीच सादे अंदाज में शादी की।



# मुस्लिम हूं, लेकिन मेरे लिए सुकून हैं शिव...

**मुंबई।** नुसरत भरूचा का मानना है कि ईश्वर एक है और उनतक पहुंचने के रास्ते अलग हो सकते हैं। वह नमाज पढ़ती हैं, रोजा रखती हैं और केदारनाथ जाकर नंदी के कान में विश भी मांगती हैं। वह सभी धर्मों को मानती हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि मुस्लिम होकर चर्च जाने या मंदिर जाने पर वह ट्रोलिंग को किस तरह लेती हैं। नुसरत भरूचा मुस्लिम है। वह फिर भी केदारनाथ गईं और ट्रोलिंग झेली।, 'मुझे शांति महसूस हुई। इतने लोग थे, लेकिन मैं माइंड में शांत हो गई थी। मेरे दिमाग और आत्मा में कोई परेशानी नहीं था। मुझमें उस वक्त एक स्थिरता आ गई थी। इसलिए, मैं वहां बैठ गई थी। वहां बहुत आवाज थी, लेकिन मुझे हवा की आवाज आ रही थी। मैं इस्लाम को मानती हूं, लेकिन शिव मेरे लिए सुकून हैं। मैं तो वैष्णो देवी भी गई हूं, मुझे शिव ने बुलाया था।'



# 'मर्दानी-3' की रिलीज डेट हुई अनाउंस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी की अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का पोस्ट रिलीज हो गया है। मेकर्स द्वारा जारी किए गए पोस्टर में रानी हाथ में बंदूक पकड़े नजर आ रही हैं। रानी का धाकड़ लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। वे सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की तारीफ कर रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म के पोस्टर के साथ-साथ फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस की है। ये फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। मर्दानी' साल 2014 में रिलीज हुई थी। 'मर्दानी 2' साल 2019 में आई थी। वहीं 'मर्दानी 3' 27 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मतलब सात साल बाद लोग रानी को पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में देखेंगे। मर्दानी 3' के साथ फरवरी 2026 में सिनेमाघरों में तीन और फिल्में भी रिलीज होंगी।

टीवी मसाला



# आर्यन को शतरंज का प्यादा बनाएगी माही मेंशन में अब होगी असली महाभारत...

**नई दिल्ली।** अनुपमा के साथ बातचीत में राघव उसे बताएगा कि जिन लोगों ने उनके साथ धोखा किया वो इसी शहर में रहते हैं। उधर राही फोन करके अपनी मां को बताएगी कि आज पराग और ख्याति की एनिवर्सरी है। सभी एक ग्रांड सेलिब्रेशन प्लान करेंगे। वसुंधरा, आर्यन और गौतम के राजी नहीं होने के बावजूद कोठारी मेंशन में एक शानदारी पार्टी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शाह परिवार के सभी सदस्य भी पहुंचेंगे। पुलिस ऑफिसर कॉल करके प्रेम को बताएगा कि जल्द ही उन्हें उस शख्स का पता चल जाएगा जिसने राही पर हमला किया था। इधर, राघव तक भी ये बातें पहुंचेंगी तो वह खुद ही अपना सच अनुपमा को बताने का फैसला करेगा। जब बात करने का मौका नहीं मिलेगा तो राघव एक पर्ची में अपनी सच्चाई लिखकर अनुपमा को दे देगा और चला जाएगा। संयोग ऐसा बनेगा कि अनुपमा को कोठारी मेंशन पहुंचने तक ये पर्ची पढ़ने का मौका ही नहीं मिलेगा। अनुपमा ख्याति को लेकर और उधर अनिल पराग को लेकर कोठारी मेंशन पहुंचेगा। फाइनली पराग और ख्याति आमने-सामने होंगे और दोनों एक दूसरे को प्यार भरी नजर से देखेंगे और चीजें संभलती नजर आएंगी। लेकिन, उससे पहले ऐसा बहुत कुछ होगा जिससे आने वाले तूफान की आहट मिलेगी। प्रेम जाकर अपने भाई को समझाने की कोशिश करेगा कि वह अपनी मां को माफ कर दे और माता-पिता के रिश्ते को बिगाड़ने की वजह ना बने।

## गौरव ने बताया रुपाली को क्यों नहीं मानते दोस्त

**नई दिल्ली।** गौरव खन्ना को अनुपमा सीरियल में अनुज कपाड़िया के रोल में काफी पॉप्युलैरिटी मिली। जब उन्होंने शो छोड़ा तो फैन्स का दिल टूट गया। शो छोड़ने की वजह क्या है, इसके पीछे कई कयास लगाए जाने लगे।



यह भी कहा गया कि उनकी रुपाली गांगुली से अनबन थी। अब गौरव खन्ना ने रुपाली गांगुली की तारीफ की है। उनका कहना है कि वह बहुत अच्छी इंसान है। यह भी बताया कि वह उन्हें दोस्त क्यों नहीं कहते। गौरव खन्ना ने बताया कि शो छोड़ने के बाद वह टीम के टच में हैं। बोले, 'शो छोड़ने के बाद किसी से बात नहीं हुई। राजन सर से बात हुई। अुपमा के स्पॉटबॉय ने मुझे कॉल किया था मास्टरशेफ के बाद।' रुपाली के बारे में गौरव बोले कि वह उन्हें दोस्त नहीं कह सकते। उन्होंने कहा, 'मैं रुपाली को फ्रेंड नहीं बोलूंगा। वह बढ़िया इंसान हैं, जिनसे मैंने बहुत कुछ सीखा। फ्रेंड क्या होता है कि मैं उन्हें कभी भी फोन कर दूं कि ये है, वो है। उनसे इस तरह के रिश्ते नहीं हैं। चाहे वो रुपाली हों या सुधांशु। यहां तक कि सुधांशुजी बोलना चाहिए। वह मेरी तरह बहुत स्पिरिचुअल हैं।'

# जैकलीन एलन मस्क की मां संग पहुंचीं सिद्धिविनायक मंदिर...

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडिस और एलन मस्क की मां मेय मस्क ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए। पारंपरिक परिधान में सजी जैकलीन ने मेय के साथ गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया। मेय मस्क अपनी किताब के हिंदी लॉन्च के लिए भारत आई हैं। जैकलीन, जिन्होंने हाल ही में अपनी मां को खोया, मेय के साथ मंदिर में दिखीं। जैकलीन फर्नांडिस अरबपति एलन मस्क की मां मेय मस्क के साथ रविवार को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचीं। ट्रडिशनल आउटफिट और माथे पर दुपट्टा रखकर जैकलीन ने मेय मस्क के साथ गणपति बप्पा के दर्शन किए। मंदिर के अंदर से कई सारी झलकियां अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जैकलीन फर्नांडिस ने ईस्टर के मौके पर मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में माथा टेका।



ये दिन इसलिए भी स्पेशल रहा क्योंकि इस प्रसिद्ध मंदिर में बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए उनके साथ सुपरमॉडल, डाइटिशियन, लेखिका और टेस्ला एंड स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की मां मेय मस्क भी भी उनके साथ थीं। बता दें कि मेय मस्क अपनी किताब 'ए वूमन मेक्स ए प्लान' के हिंदी लॉन्च के लिए इस समय भारत में मौजूद हैं। सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन करने आईं जैकलीन अपने सिर पर दुपट्टा लिए नजर आईं और एलन मस्क की मां मेय भी यलो कलर के भारतीय पोशाक में मंदिर पहुंची थीं। मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए दोनों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। कई लोगों ने जहां मंदिर में दुपट्टा से उनके सिर ढकने की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने अपना दिमाग दौड़ाना शुरू कर दिया है।

# ऐश्वर्या-अभिषेक को एनिवर्सरी पर साथ देख खुश हुए फैन्स....

*मुंबई। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के तलाक की खबरों से उनके कई फैन्स के दिल टूटे थे। इस मैटर पर काफी गॉसिप भी चलती रही। अब ऐश्वर्या ने ऐनीवर्सरी पर अभिषेक के साथ फोटो पोस्ट करके सब कुछ ठीक होने की तरफ इशारा किया है। ऐश्वर्या राय के एक पोस्ट से उनके और अभिषेक बच्चन के फैन्स काफी खुश हैं। बीते कुछ वक्त से उन दोनों के तलाक की खबरें आ रही थीं। अब ऐश्वर्या ने अपनी एनीवर्सरी पर अभिषेक के साथ नई तस्वीर पोस्ट की है। इसके साथ में दिल वाला इमोजी भी लगाया है। इस पोस्ट को करीब ढाई लाख लोगों ने लाइक किया है। इस पोस्ट पर लोगों के कई तरह के पोस्ट दिख रहे हैं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन 20 अप्रैल साल 2007 में शादी के बंधन में बंधे थे। उनकी शादी को 18 साल हो चुके हैं। ऐनीवर्सरी के मौके पर*



*ऐश्वर्या ने अभिषेक और आराध्या के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। साथ में वाइट हार्ट इमोजी भी है। इस पर प्रियंका चोपड़ा सहित कई लोगों के लाइक्स हैं। फैन्स खुशी भी जता रहे हैं। एक फॉलोअर ने लिखा है, फाइनली सब ठीक हो गया, परिवार से इम्पॉर्टेंट कुछ नहीं है। इस पर एक रिप्लाई है, सब ठीक ही था भाई। एक ने लिखा है, इनके रीयूनाइट होने से मुझे क्यों खुशी हो रही है। एक और ने लिखा है, लो भी कन्फर्म हो गया कि डिवोर्स नहीं हो रहा है। एक कमेंट है, कौन था वो जो तलाक की खबर फैला रहा था। एक ने लिखा है, तीनों की साथ तस्वीर पोस्ट करने के लिए थैंक यू। शादीशुदा कपल्स को आप दोनों से सीखना चाहिए। कुछ भी हो, एक कपल को सारे उतार-चढ़ाव में साथ रहना चाहिए।*

## कॅरियर में 300 से अधिक फिल्मों में किया काम और बनीं हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस

# दो सगी बहनें : एक बनी सुपरस्टार, दूसरी रह गई गुमनाम बन गई दुश्मन!

***नई दिल्ली।*** *इंडियन सिनेमा की सबसे सफल एक्ट्रेस की बात हो तो यकीनन श्रीदेवी का नाम सबसे टॉप पर आता है। जिन्होंने 300 फिल्मों में काम किया। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक उनकी तूती बोली। एक्टर से लेकर तमाम डायरेक्टर तक उनके फैन हुआ करते थे। लेकिन, क्या आप श्रीदेवी की बहन की कहानी के बारे में जानते हो। श्रीदेवी की एक सगी बहन भी रही हैं, जिनका नाम है श्रीलता। तो चलिए आज श्रीलता और श्रीदेवी के रिश्ते, दरार और पूरी कहानी से रूबरू करवाते हैं। श्रीदेवी ने कई दशकों तक राज किया है। कॅरियर में 300 से अधिक फिल्मों में काम किया और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस बनीं। वह साउथ से लेकर बॉलीवुड में लगातार काम करती थीं। कॅरियर के दौरान उनका नाम कभी मिथुन चक्रवर्ती से जुड़ा तो फिर शादी बोनी कपूर से कर ली। वहीं, दूसरी ओर उनका रिश्ता बहन श्रीलता के साथ शुरुआत में काफी गहरा रहा है। जहां श्रीदेवी इंडस्ट्री की बड़ी सुपरस्टार बनीं तो श्रीलता वहां तक नहीं पहुंच पाईं। फिर जिंदगी में एक मोड़ ऐसा आया कि दोनों के रिश्ते में खटास आने लगी। फिर तो एक मौका ऐसा भी था जब दोनों एक-दूसरे से बात भी नहीं करती।*



### क्यों पड़ी थी श्रीदेवी और श्रीलता में दरार

1996 की बात है। श्रीदेवी की मां अस्पताल में भर्ती थीं। तब दावा किया गया था कि उनका गलत ऑपरेशन के कारण याददाश्त कमजोर हो गई। बाद में उनकी तबीयत ठीक ही नहीं हुई और वह चल बसीं। इस घटना के बाद श्रीदेवी आगबबूला हो गईं और उन्होंने अस्पताल पर गलत ऑपरेशन का मुकदमा किया और 7.2 करोड़ रुपए का मुआवजा जीता। उस जमाने में उन्होंने इस रकम को अपने पास रख लिया।

### श्रीदेवी की बहन बनी मैनेजर

श्रीदेवी ने 1970 के दशक में अपने कॅरियर की शुरुआत की, तब श्रीलता अक्सर उनके साथ सेट पर जाती थीं। श्रीलता बहन के साथ-साथ साया की तरह रहती। कभी वह उनके साथ अवॉर्ड फंक्शन में दिखती तो कभी इंडस्ट्री के कार्यक्रमों में नजर आती। कहते हैं कि बहन की तरह श्रीलता भी इंडस्ट्री में आना चाहती थीं। वह भी हीरोइन बनने की चाहत रखती थीं। लेकिन, श्रीलता कभी हीरोइन न बन सकी और वह अपनी बहन श्रीदेवी की मैनेजर बन गईं।

### बहन ने दिया साथ

श्रीदेवी जहां इंडस्ट्री में बुलंदियां छू रही थीं, तो वहीं श्रीलता भी उनके हर कदम पर उनका साथ दे रही थीं। वह सब काम संभाल रही थीं। पहले उनकी मां सबकुछ देखती थीं। मगर, जब श्रीदेवी की मां का निधन हुआ तो दोनों बहनों के बीच दरार आ गई। तभी इस रिश्ते में खटास आने लगी।

### कर दिया था बहन ने ही केस

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मां के गुजरने के बाद श्रीदेवी ने अपनी मां की संपत्ति अपने नाम कर ली, जिससे श्रीलता नाराज हो गईं। यहीं से दो सगी बहनों के बीच दरार पड़ने लगी। फिर श्रीलता ने प्रॉपर्टी में अपना हिस्सा पाने के लिए बहन पर मुकदमा किया, यह दावा करते हुए कि उनकी मां मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थीं। श्रीलता को 2 करोड़ रुपए मिले, जिससे उनके रिश्ते में और कड़वाहट आ गई।

### जीजा चाहते थे सुलह करवाने

कहते हैं कि श्रीदेवी के पति और श्रीलता के जीजा बोनी कपूर ने दोनों बहनों के बीच सुलह कराने की लाख कोशिश की थी। एक वक्त तो ऐसा भी आया जब ये अफवाह उड़ी कि दोनों बहनों के बीच सब सही हो गया है। ये बात है 2013 की जब श्रीदेवी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया, तब उनकी बहन ने परिवार के बीच एक समारोह रखा। तभी ये बातें होने लगी थी कि दोनों के बीच सब सही हो गया है। हालांकि, इन मतभेद के खत्म होने की औपचारिक पुष्टि नहीं हुई। दोनों बहनें न तो साथ दिखीं न ही कुछ कहा।

***श्रीदेवी की मौत के बाद भी गायब थीं बहन :*** कहते हैं कि जब श्रीदेवी की आकस्मिक मौत हुई तो श्रीलता चेन्नई में प्रार्थना सभा में भी नहीं पहुंची थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने कहा, 'श्रीलता को चुप रहने और तस्वीर से बाहर रहने के लिए कहा गया है। कुछ लोगों से तो ये भी सुना है कि वह श्रीलता को चैन्नई वाले बंगले का हक भी देंगे।' प्रॉपर्टी तो सब श्रीदेवी की थी। उनकी दौलत शोहरत से ही संपत्तियां अर्जित की गई थी।

## खबर संक्षेप

### डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** डॉ भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 23 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे से आडिटोरियम हाल जिला पंचायत जांजगीर होगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, विधायक व छग विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, भाजपा के जिला संगठन प्रभारी गिरधर गुप्ता, छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतीपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला पाटले, जिलाध्यक्ष भाजपा अंबेश जांगड़े उपस्थित रहेंगे। पुरुषोत्तम शर्मा, संतोष लहरें, अमर सुल्तानिया एवं नंद चौधरी ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 2 से

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर-10 गट्टानी स्कूल के पीछे स्थित यादव निवास में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार 2 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कथा ब्यास पं. अंशुमन मिश्रा (अखिल भारती धर्म समिति के जिला प्रमुख) सिवनी-नैला होंगे। पहले दिन 2 मई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद वेदी पूजन एं महात्म्य कथा होगा। 3 मई को महाभारत कथा एवं परीक्षित जन्म, 4 मई को सृष्टि वर्णन, सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र, 5 मई को जड़ भरत,अजामिल प्रहलाद चरित्र, 6 मई को वामन अवतार, श्रीराम, श्रीकृष्ण जनमोत्सव, 7 मई को बाल लीला, गोवर्धन पूजा, महारास कथा, 8 मई को कंस वध, उद्धव चरित्र, रुखमणी विवाह उत्सव, 9 मई को अन्नय विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ोत्री तथा 10 मई को गीता, तुलसी वर्षा, हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा। आयोजक परिवार के बजरंगलाल यादव-श्रीमती किस्मत बाई यादव ने सभी से कथा श्रवण करने उपस्थिति की अपील की है।

### आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 मई तक

**पामगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा पहली में 50 सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हुई है। अभिभावक समस्त दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित है। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश समयावधि में वृद्धि नहीं की जाएगी। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मई की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी की प्रकिया 9 मई को आयोजित की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया में 50 प्रतिशत सीट बालिकाओं के लिए, बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा 25 प्रतिशत सीटों पर अन्य बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। कोरोना से अनाथ हुए अच्चों को प्रवेश में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र के साथ अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रवेश संबंधित अन्य आवश्यक कार्रवाई 11 मई से 15 मई की पूर्ण की जाएगी।

### पांच दिवसीय प्रान्त स्तरीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला बिर्रा में 10 से

**बिर्रा।** संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा देव पब्लिक स्कूल भटगांव रोड बिर्रा में प्रान्त स्तरीय शास्त्रीय संगीत (गायन एवं वादन) की पांच दिवसीय आवासीय कार्यशाला 10 मई से 14 मई तक आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में किशन देवांगन बी हाई ग्रेड रेडियो आर्टिस्ट, (अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पं. कैवल्य कुमार गुरव के शिष्य, किराना घराना) एवं तबले में दीपक दास महंत ए ग्रेड रेडियो आर्टिस्ट (खैरागढ़) रहेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 10 मई को सुबह 10 बजे तथा समापन 14 मई को अपरान्ह बजे होगा। इस दौरान जेष्ठ - श्रेष्ठ संगीत गुणियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित कराने हेतु संस्कार भारती जिला सक्ती से के. आर. कश्यप जिलाध्यक्ष,आर के सोनवानी कार्यकरी अध्यक्ष, मनोज कुमार तिवारी महामंत्री, रेशमलाल कश्यप उपाध्यक्ष,भानु प्रकाश जायसवाल कोष प्रमुख,दुष्यंत साहू कोष सह प्रमुख, पं. बी.पी.शुक्ला संगीत विद्या संयोजक,जयंत कश्यप जिला सह महामंत्री] चंदन कश्यप जिला मंत्री आईटी, एन आर भाद्रोद्वाज श्रवण थवाईत,के एल यादव जुटें हुए हैं।

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

# सुशासन तिहार के प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में तेजी से करें निराकरण : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार 22 अप्रैल को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में तेजी से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में सुशासन तिहार के सुचारू आयोजन एवं समुचित व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य, पीएम किसान सम्मान निधि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति, आवास सर्वे के कार्य, ओ डी एफ प्लस मॉडल ग्राम आदि की जानकारी लेते हुवे गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्यात्मक जानकारी सहित विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएमश्री स्कूल अंतर्गत मरम्मत कार्य, उल्लास कार्यक्रम, अपार आईडी के कार्य आदि की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत आवास, अप्रारंभ आवास, प्रगतिरत आवास, अपूर्ण आवास, पूर्ण आवास व प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, जिला कोषालय अधिकारी उपेन्द्र पटेल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुधाकर बोदले, तहसीलदार विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती सुशीला साहू, तहसीलदार भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



चलित थाना के माध्यम से ग्रामीणों को जागरुक करते चौकी प्रभारी।

## अपराधों व सामाजिक कुरीतियों के प्रति ग्रामवासियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

- आमजन एवं पुलिस के बीच अच्छे संबंध स्थापित करने सपिया में चलित थाना का आयोजन

आमजन एवं पुलिस के बीच अच्छे संबंध स्थापित करने एवं आमजन को अपराधों के प्रति जागरूक करने नियमित रूप से वार्ड-ग्राम स्तर पर चलित थाना का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को चौकी प्रभारी फगुरम संतोष तिवारी के साथ थाना स्टाफ अविनाश देवांगन द्वारा ग्राम पंचायत सपिया में चलित थाना लगाया गया। चौकी प्रभारी संतोष तिवारी उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए झगड़ा विवाद, चोरी महुआ शराब आदि की जानकारी ली तथा आपस में मिलजुल कर रहने की समझाइश दी। उन्होंने वर्तमान में हो रही साइबर ठगी के बारे में जानकारी देकर मोबाइल पर आये अनजान व्यक्तियों के कॉल पर किसी प्रकार की निजी जानकारी या ओटीपी नहीं बताने पर साइबर ठगी से बचने की बात कही। साथ ही मोबाइल पर अनजान व्यक्तियों के बताए लुभावने स्कीम पर धन निवेश से बचने टिप्स दिए। इस दौरान चौकी प्रभारी ने अभिव्यक्ति ऐप तथा पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 की जानकारी दी गई। चौकी प्रभारी श्री तिवारी ने मद्यपान, मानव तस्करी, बाल श्रम, तथा यातायात नियमों का पालन करने, तेज गति में वाहन चलाने से बचने और हेलमेट पहनने कर वाहन चलाने की समझाइश दी गई। सरपंच अमेरिका मनोज सिदार, उपसरपंच विशाल राठौर, बीडीसी मालिक राम यादव, शिव राठौर, छत्तू, चंचल, अंगद गोरे, नर्सिंग गोरे, पुरषोत्तम गोरे, गेंद राम, शिधर राठौर, केशव राठौर, अक्षय गोरे, हेमलाल राठौर, खोदलू यादव, अनुरुद्ध यादव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## समाजसेवी देवांगन को मिला संविधान रत्न अवॉर्ड

**बहेराडीह।** जिले के समाजसेवी सुरेश कुमार देवांगन को समाजसेवा के क्षेत्र में भारतीय संविधान रत्न अवॉर्ड से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली में इंटरनेशनल ह्यूमन राईट्स एम्बेसडर ऑर्गेनाइजेशन की ओर से नरेंद्र कुमार एक्सटर्नल अफेयर एंड मीडिया ऑर्गेनाइजेशन एक्सटर्नल अफेयर मीडिया मेम्बर ऑफ नॉर्दन रेलवे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया और अविनाश सुकूनदे लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अध्यक्ष राजीव मिश्रा प्रेसिडेंट ऑफ इंटरनेशनल फेडरेशन आफ इलेक्ट्रिकल व्हीकल संगठन की ओर से प्रदान किया गया है। समाजसेवी सुरेश कुमार देवांगन ने समाज सेवा के क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य किया है। श्री देवांगन कृषि प्रधान जांजगीर चाम्पा जिले के बहेराडीह गांव में स्थित भारत के पहला किसान स्कूल के संरक्षक हैं, जिन्होंने समाजसेवा के साथ ही धार्मिक कार्यों, खेल, कला, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, कृषि और नारी सशक्तिकरण की दिशा में कई वर्षों से जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर निरंतर काम कर रहे हैं। उन्हें सम्मानित किए जाने पर किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, रामाधार देवांगन सहित किसान संगठन, महिला संगठन तथा युवा मंडल के युवाओं ने हर्ष ब्यक्त किया है।



## पेंशनरों की समस्याओं के लिए आजीवन करेंगे संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांत अध्यक्ष बने डीपी मनहर

छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष पद का चुनाव योगेश सिंह स्मृति भवन में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रांत से जिला शाखा अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण एवं प्रांतीय व प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सरगुजा संभाग के उपप्रांताध्यक्ष डॉ. जवाहर गुप्ता द्वारा प्रांताध्यक्ष पद के लिये डॉ.डी.पी. मनहर का नाम प्रस्ताव रखा। जिसे समर्थन सूरजपुर जिले से रामचन्द्र सिंह मरकाम, जांजगीर जिले से नारायण प्रसाद यादव तथा जगदलपुर जिला से कृष्णकांत द्विवेदी ने अपना अपना समर्थन दिया।

चुनाव अधिकारी बद्रीप्रसाद मिश्रा रायगढ़ के द्वारा सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष पद के लिए डॉ.डी.पी. मनहर के नाम की घोषणा की गई। चुनाव प्रक्रिया का संचालन रतनलाल कैवर्य प्रांतीय महासचिव, वेदराम यादव पामगढ़, राधेश्याम शर्मा, राजेन्द्र गुप्ता द्वारा संचालन किया गया। डॉ.डी.पी. मनहर पेंशनधारी कल्याण संघ के दूसरी बार प्रांताध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। प्रांताध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद डॉक्टर डीपी मनहर के द्वारा छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक स्व. जगत सिंह बैस के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश के पेंशनरों की समस्याओं के लिए आजीवन संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में वर्तमान में जो पेंशनरों की सम्मानजनक स्थिति बनी है उसमें स्व जगत सिंह बैस का महत्वपूर्ण योगदान है। कोषालय ,बैंक एवं समस्त शासकीय कार्यालय जहां पेंशनरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है पेंशनधारी कल्याण संघ के सदस्य सेवानिवृत्ति के बाद भी पूरे ऊर्जा के साथ अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रांत अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद सदस्यों के द्वारा डॉक्टर डीपी मनहर को फूल माला गुलाल एवं मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए अपने खुशियों का इजहार किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


पेंशधनधारी कल्याण संघ के निर्वाचित अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत करते सदस्य।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री से मिले डॉ. शर्मा

**जांजगीर-चांपा।** कुशाभाऊ ठाकरे भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर छ ग़ में भाजपा नेता डॉ विनोद शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छग किरण सिंह देव एवं संगठन प्रदेश महामंत्री पवन साय से सौजन्य भेंट की तथा उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ विनोद शर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छ ग़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व डबल इंजन की सरकार में छग का विकास उत्तरोत्तर प्रगति करेगा। छग सरकार की सभी योजनाएं जनता के हित में निरंतर चलाई जा रही है। आज प्रदेश का हर व्यक्ति किसान , महिला, युवा छात्र, छात्राएं,व्यापारी सभी खुश है। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, युवाओ को रोजगार, कृषि आधारित विकास, किसानों का सम्मान सिंचाई सुविधाओं का विस्तार हमर द्वार साय सरकार घर घर तक पहुंच आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण यह अब सिर्फ भाजपा शासन में ही संभव है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन होना चाहिए जिससे सरकार का पैसा व समय दोनों की बचत होगी देश का विकास होगा ।



## ज्ञानोदय में आर्ट एवं क्राफ्ट पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में पन्द्रह दिवसीय समर कैंप का आयोजन समिति के समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ.सुरेश यादव तथा संयोजक मूलचंद साव एवं उप संयोजक श्रीमती चंचला मिश्रा के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रभारी प्रशिक्षिका श्रीमती विजेयता चौहान के मार्गदर्शन में आर्ट एवं क्राफ्ट पर नियमित रूप से कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छात्र - छात्राएं रुचि पूर्वक भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस के अंतर्गत बच्चों को आर्ट एवं क्राफ्ट की जानकारी दी गई तथा महत्व को बताया गया कि यह बच्चों के मस्तिष्क के विकास को प्रोत्साहित करती है। समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों को कागज से विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनाना सिखाया गया। जैसे सर्कल, ट्रायंगल, ओवल, स्क्वायर आदि। तीसरे दिन बच्चों को फोटो फ्रेम बनाना सिखाया गया। पुराने अनुपयोगी कागज- पुट्ठे से बच्चों ने बहुत ही उत्साह से फोटो फ्रेम बनाए। चौथे दिन बच्चों को गणित के अंकों से एक से दस तक चित्र बनाना सिखाया गया, जिससे बच्चों ने बहुत ही अच्छे रंग-बिरंगे चित्र बनाकर आकर्षक बना दिया। पांचवें दिन बच्चों को कलर पेपर व कागज से फूल बनाना सिखाया गया साथ ही फूलों के बारे में जानकारी भी दी गई। छठवे दिन बच्चों को अंग्रेजी के शब्दों से अल्फाबेट चित्र बनाना सिखाया गया, जिसमे बच्चों ने बहुत ही उत्साह से अलग-अलग रंगों से चित्र बनाये। समर कैंप के आयोजन में मूलचंद साव, श्रीमती चंचला मिश्रा, दामिनी कश्यप, विजेयता चौहान, पुष्पेन्द्र राजनाथ, विनोद बरेठ, मीना यादव, पूजा कटकवार, प्रतिभा यादव, शकुंतला बरेठ, सुमन यादव, सपना श्रीवास, राहुल कौशिक, लखेश्वर खरे, किरन यादव प्रिया कोसरे का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।


समर कैम्प में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं।

## गर्भवती महिलाओं को दी आहार और पोषण संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

- गोधना में मनाया गया पोषण पखवाड़ा, महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

गोधना। स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं और महिलाओं के समूहों को संतुलित आहार और पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. आयुष ज्योति ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि गर्भावस्था के दौरान सही पोषण न केवल मां के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि शिशु के संपूर्ण विकास के लिए भी अत्यंत जरूरी होता है। उन्होंने आयरन, फोलिक एसिड, प्रोटीन और कैल्शियम युक्त आहार के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया और उन्हें आवश्यक पोषण संबंधी परामर्श दिया गया। कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और पोषण संबंधी समस्याओं पर सवाल भी पूछे, जिनका समाधान डॉक्टरों ने सरल भाषा में दिया।इस अवसर पर गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण सामग्री भी वितरित की गई, जिसमें पोषक लड्डू, आयरन की गोलियां, और प्रोटीन पाउडर शामिल थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।


स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक एवं उपस्थित महिलाएं।

## महात्मा हंसराज एक व्यक्ति नहीं विचार थे : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- लायंस डीएवी स्कूल में धूमधाम से मनाई गई महात्मा हंसराज जयंती

डी ए वी पब्लिक स्कूल में डी ए वी संस्था के संस्थापक महात्मा हंसराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि समाज सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले महात्मा हंसराज एक व्यक्ति नहीं विचार थे ,जो तब से लेकर आज तक लोगों में त्याग का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते आ रहे हैं। उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं।

महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को लाला चुन्नीलाल एवं माता गणेश देवी के घर में हुआ था। बचपन गरीबी एवं संघर्षों से भरा रहा। पढ़ने के लिए गांव से दूर जाना पड़ता था। तपती रेत में पावों को जलन से बचाने के लिए उन्हें अपनी तख्ती पर खड़ा होना पड़ता था। ऐसे संघर्षमय जीवन जीते हुए वे 1877 में लाहौर में महर्षि दयानंद जी से मिले और उनका झुकाव आर्य समाज की तरफ हो गया। महर्षि दयानन्द सरस्वती के देहावसान के बाद लाहौर के आर्यभक्त उनकी स्मृति में कुछ काम करना चाहते थे, तो अंग्रेजी के साथ-साथ अपनी प्राचीन वैदिक संस्कृति की शिक्षा देने वाले विद्यालय खोलने की चर्चा चली। 22 वर्षीय हंसराज ने एक साहसिक निर्णय लेकर इस कार्य हेतु अपनी सेवाएं निःशुल्क समर्पित कर दीं। इस व्रत को उन्होंने आजीवन निभाया। उन्होंने देश में आई प्राकृतिक आपदाओं अकाल, भूकंप एवं बाढ़ में पीड़ितों की सहायता के लिए भी बढ़-चढ़कर कार्य किया। विद्यालय के पूर्व चेयरमेन लॉयन दीनदयाल अग्रवाल ने महात्मा हंसराज के अवतरण दिवस को अविस्मरणीय दिन बताते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से उनके द्वारा दी गई सीखों को ग्रहण करने की अपील की गई।इस अवसर पर महात्मा हंसराज के आदर्शों एवं विचारों को याद किया गया एवं विद्यालय में सामूहिक हवन के साथ - साथ अनेक प्रकार के क्रियाकलाप कराए गए। कार्यक्रम में विद्यालय संचालन समिति के सदस्य, शिक्षक ,विद्यार्थी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।


उपस्थित प्राचार्य, स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं।

